लोक सभा अध्यक्ष ने संसद भवन परिसर में सफाई के उच्च मानक अपनाने पर बल दिया

नई दिल्ली, 20 अक्तूबर, 2014: लोक सभा अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा महाजन ने आज सचिवालय की विभिन्न शाखाओं का दौरा किया तथा अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा अपनाये गए स्वच्छता मानकों और कामकाज की स्थितियों का जायजा लिया ।

इस दौरे के दौरान श्रीमती महाजन ने कहा कि अन्यत्र अपनाये गए सर्वोत्तम फाइलिंग और फाइल स्टोरेज तंत्रों का अनुसरण करते हुए सचिवालय को भी अपनी रिकार्ड प्रबंध व्यवस्था को सुचारू बनाने के प्रयास करने चाहिए । उन्होंने अनावश्यक दस्तावेजों और फाइलों की समय से छंटनी करने के साथ-साथ ई-फाइलिंग व्यवस्था अपनाने की व्यवहार्यता पर विचार करने की आवश्यकता पर जोर दिया । उनका मत था कि इससे कम कागज लगेगा, अधिक स्थान बनेगा और यह पर्यावरण अनुकूल होगा ।

श्रीमती महाजन ने अधिकारियों और कर्मचारियों की शिकायतों को सुना और टिप्पणी की कि सचिवालय में काम करने के लिए पर्याप्त स्थान नहीं है । इस पर उन्हें निर्माणाधीन नए भवन के बारे में बताया गया जिस पर जोर-शोर से चल रहा है और जिसका निर्माण सदस्यों और कर्मचारियों के लिए अधिक स्थान और बेहतर कार्य स्थितियां उपलब्ध कराने के लिए किया जा रहा है । उन्होंने महासचिव को लंबित परियोजनाओं की स्थिति की समीक्षा करने तथा के.लो.नि.वि. को परियोजनाओं को शीघ्र पूरा करने के अनुदेश देने के लिए कहा ।

स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए चलाए जा रहे "स्वच्छ भारत अभियान" के दौरान सर्वोत्तम तौर-तरीके अपनाने पर जोर देते हुए श्रीमती महाजन ने कहा कि जहां स्वच्छता होती है वहीं ईश्वर का वास होता है । उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को न केवल अपने काम करने की जगह बल्कि अपने आस-पास भी स्वच्छता बनाए रखने के लिए कहा । कर्मचारियों द्वारा सफाई के रख-रखाव की सराहना रखते हुए उन्होंने कहा कि "लोग वास्तव में सफाई के प्रति जागरूक हो रहे हैं । " संसद भवन का दौरा करते हुए उन्होंने कहा कि साझे शौचालय व्यक्तियों की निजता के लिए सही नहीं है, इसलिए पुरूष/महिला स्टाफ और संसद भवन आने वाले आगुंतकों के लिए अलग-अलग शौचालय होने चाहिएं । उन्होंने पिछले दस सालों के दौरान प्रतिवेदनों की मुद्रित प्रतियों से संबंधित कुल कार्य का आकलन करने का निदेश दिया ताकि पेपरलैस ऑफिस का लक्ष्य प्राप्त करने की दिशा में आगे बढ़ने के लिए एक विश्वसनीय तंत्र विकसित किया जा सके ।

लोक सभा अध्यक्ष का पद ग्रहण करने के बाद श्रीमती महाजन सचिवालय के कार्यकरण में गहरी रूचि लेती रही हैं और समय-समय पर सचिवालय के अधिकारियों और कर्मचारियों को कार्यकरण में सुधार करने, पारदर्शिता लाने, कागज, बिजली और अन्य संसाधनों का बेहतर उपयोग करने और स्वच्छ और खुशनुमा माहौल बनाए रखने के लिए निदेश देती रही हैं ।